# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान सरकार ने एक जिला एक उत्पाद नीति (ओडीओपी) के तहत कितने जिलों में स्थापित होने वाली परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी?

(A) 5

(B) 2

(C) 4

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान सरकार ने एक जिला एक उत्पाद नीति (ओडीओपी) के तहत 5 जिलों में कुल 18.19 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाली परियोजनाओं को स्वीकृति दे दी।

- दौसा, चूरू, डीडवाना-कुचामन, फलोदी और बालोतरा में सुविधा केंद्र, जांच लैब एवं भंडारण के लिए कुल पांच परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।
- राज्य के विशिष्ट उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए लागू की गई एक जिला एक उत्पाद नीति-2024 के तहत सभी 41 जिलों में एक-एक उत्पाद की पहचान की गई है
- इन परियोजनाओं का काम जल्द शुरू करने के लिए पहले चरण में 10.76 करोड़ रुपये भी स्वीकृत किए गए हैं।

## Yesterday Revision

01. राजस्थान के अलवर जिले के कोटकासिम में मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (MRO) फैक्ट्री स्थापित होगी

02. राजस्थान में प्रतिष्ठित 'ब्रह्मगुप्त पुरस्कार' शुरू करने की घोषणा की गई है|

03. मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट, मारवाड़-जोधपुर की ओर से डॉ एमएल जाट को सर्वोच्च 'राव सीहा सम्मान- मारवाड़ रत्न' से सम्मानित किया गया

04. पीएम-जनमन योजना में राजस्थान के बारां जिले के शाहबाद और किशनगंज ब्लॉक शामिल हैं

05. रीको द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए हर दिन औसतन 6 औद्योगिक भूखण्ड आवंटित किए गए

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 15 मई को भिवाड़ी में राज्य के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का उद्घाटन किया

(B) भिवाड़ी इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में 1200 करोड़ रुपये का निवेश होगा

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 15 मई को भिवाड़ी में राज्य के पहले सेमीकंडक्टर क्लस्टर का उद्घाटन किया
- देश में अब 12 सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित हो चुके हैं और विभिन्न इलेक्ट्रानिक उपकरणों के लिए चिप्स का निर्माण हो रहा है।
- भिवाड़ी इलेक्ट्रानिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में 1200 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जिससे करीब 2500 लोगों को रोजगार मिलेगा और हर वर्ष लगभग छह करोड़ चिप का उत्पादन किया जाएगा।
- भिवाड़ी को आटोमोबाइल उद्योग के साथ-साथ सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रानिक्स निर्माण के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) भरतपुर के मुक्केबाज यश कुमार ने महज 14 साल की उम्र में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।

(2) बॉक्सिंग चैंपियनशिप का गोल्ड मेडल जीतने वाले राजस्थान के पहले बॉक्सर बन गए हैं।

**सही विकल्प चुनें**



(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- भरतपुर के मुक्केबाज यश कुमार ने महज 14 साल की उम्र में देश के लिए गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रच दिया।
- उज्बेकिस्तान के ताशकंद में चल रही जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में यश ने 33 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान के बॉक्सर सायत राखिमबेर्दी को 4-1 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वे जूनियर वर्ग में एशियन
- बॉक्सिंग चैंपियनशिप का गोल्ड मेडल जीतने वाले राजस्थान के पहले बॉक्सर बन गए हैं।

03. हाल ही में किस राज्य सरकार की ओर से नई 'ग्रीन और सेविंग पॉलिसी' लागू की जाएगी ?

(A) मध्यप्रदेश

(B) राजस्थान

(C) उत्तरप्रदेश

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार की ओर से नई 'ग्रीन और सेविंग पॉलिसी' लागू की जाएगी
- प्रस्तावित गाइडलाइन के मुताबिक, भजनलाल सरकार कुछ चुनिंदा सरकारी विभागों में कर्मचारियों के लिए 'वर्क फ्रॉम होम' की व्यवस्था शुरू करने पर बेहद गंभीरता से विचार कर रही है।
- इसके अलावा, प्रदूषण पर लगाम लगाने और ईंधन बचाने के लिए सरकारी दफ्तरों में महीने में कम से कम एक दिन 'नो व्हीकल डे' लागू करने और अधिकारियों के लिए वाहन शेयरिंग को बढ़ावा देने की योजना है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में राजस्थान की महिला निशानेबाजों की टीम ने कांस्य पदक जीता है

(2) मानिनी कौशिक ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्वालिफिकेशन दौर में 587 अंक बनाए और दूसरे स्थान पर रहीं।

**सही कथन चुनिए:**




(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- 24वीं कुमार सुरेंद्र सिंह नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में भोपाल में राजस्थान की महिला निशानेबाजों ने 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा में कांस्य हासिल किया।
- टीम की अगुआई हाल ही में DSP नियुक्त हुई मानिनी कौशिक ने की। मानिनी कौशिक ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए क्वालिफिकेशन दौर में 587 अंक बनाए और दूसरे स्थान पर रहीं।
- फाइनल में भी उन्होंने दमदार प्रदर्शन किया और चौथे स्थान पर समाप्त किया। राजस्थान टीम की सफलता में मोनिका जाखड़ और कृति राज राठौड़ का भी अहम योगदान रहा।
- दोनों खिलाड़ियों ने 573-573 अंक अर्जित कर टीम को पोडियम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**05. राजस्थान में भू-जल स्तर और जल संचयन में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान का शुभारंभ कब होगा?**

(A) 30 मई 2026

(B) 28 मई 2026

(C) 26 मई 2026

(D) 25 मई 2026

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- प्रदेश में भू-जल स्तर और जल संचयन में जन भागीदारी बढ़ाने के लिए 25 मई (गंगा दशमी) से 'वंदे गंगा' जल संरक्षण जन अभियान का शुभारंभ होगा।
- अभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर से करेंगे। प्रदेशभर में अभियान 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) तक चलेगा।
- इस अभियान में जल संसाधन विभाग द्वारा नदी, वृहद एवं मध्यम बांध, सरोवर, नहरों की पूजा, नहरों एवं खालों की जल उपयोगिता संगम एवं किसानों के सहयोग से साफ-सफाई, जल शक्ति अभियान: कैच द रैन अंतर्गत कार्यक्रम, जल संचय जन भागीदारी कार्यक्रम, नए कार्यों का शिलान्यास, भूमि पूजन एवं पूर्ण कार्यों का अवलोकन व लोकार्पण जैसे विभिन्न कार्य होंगे।
- 26 मई को विशेष ग्राम सभाएं और 4 जून को होगी 'रन फॉर एन्वायरमेंट'

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-84

1. **भारत** सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा साइबर अपराध नियंत्रण के लिए शुरू किए गए व्हाट्सएप चैटबॉट का नाम क्या है?
(A) CYBER 14C चैटबॉट
(B) TELL 14C चैटबॉट
(C) HELP 1930 चैटबॉट
(D) RAJ CYBER चैटबॉट

2. **अमृत** (AMRUT) योजना का पूर्ण रूप क्या है?
(A) अटल मिशन फॉर रेजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन
(B) आत्मनिर्भर मिशन फॉर रूरल एंड अर्बन डेवलपमेंट
(C) अटल मिशन फॉर रीस्ट्रक्चरिंग एंड अर्बन ट्रांसपोर्ट
(D) आवास मिशन फॉर रूरल एंड अर्बन तकनीकी

3. **यमुना** जल समझौते के तहत राजस्थान और हरियाणा के बीच किस तिथि को एक महत्वपूर्ण सहमति पत्र (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए थे?
(A) 26 जनवरी 2024
(B) 15 अगस्त 2024
(C) 17 फरवरी 2024
(D) 13 मई 2026

4. **एक** जिला एक उत्पाद नीति -2024 के अंतर्गत सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को अधिकतम कितने रुपये तक का मार्जिन मनी अनुदान दिया जाता है
(A) 5 लाख रुपये तक
(B) 10 लाख रुपये तक
(C) 20 लाख रुपये तक
(D) 50 लाख रुपये तक

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला - एक खेल' के तहत राजसमन्द जिले का खेल कौन सा है?
(A) हॉकी
(B) कुश्ती
(C) फुटबॉल
(D) बास्केटबॉल

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट, मारवाड़-जोधपुर की ओर से किसे सर्वोच्च 'राव सीहा सम्मान- मारवाड़ रत्न' से सम्मानित किया गया?**

(A) डॉ रवीना चौधरी

(B) डॉ सुनीता बिश्नोई

(C) डॉ एमएल जाट

(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine